



attitude is everything's

# DIY ACCESS GUIDE











बैंडों, कलाकारों और प्रोमोटरों के लिए एक गाइड जो बधिर और विकलांग लोगों के लिए म्यूजिक बुकिंग व टूअर्स में मदद करता है।

अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी संस्करण

नमस्कार,

क्या आप चाहते हैं कि आपके सभी प्रशंसक आपको लाइव प्ले करता देख सकें?

क्या आप नए श्रोताओं तक पहुंचना चाहेंगे?

क्या आप संगीत कार्यक्रम (गिग्स) पेश करने वाले वैन्यू के साथ काम करते हैं?

क्या आप अपने शोज को और भी ज्यादा समावेशी बनाने का प्रयास कर रहे हैं?

क्या आपने कभी इस बारे में सोचा नहीं है, पर इसे आजमाना चाहते हैं?

क्या आपको इसके गलत हो जाने की चिंता हैं?



**यदि आपने ऊपर के किसी भी प्रश्न का हां में जवाब दिया है, तो यह गाइड**

# आपके

**लिए है!**

# “इस गाइड में विकलांग श्रोताओं व कलाकारों के साथ जुड़ने की सभी अहम जानकारी है, जो इसे सभी बैंडों एवं प्रोमोटरों के लिए एक जरूरी पठन सामग्री बनाता है”



रॉब मैडिसन, रेवेंज ऑफ़ कैलकूलॉन

# अपने पसंदीदा बैंड को खो देने की कल्पना करें, क्योंकि...

शो के दौरान आपके बैठने के लिए कोई कुर्सियां नहीं होती हैं।

आपको चिंता होती है कि आप शौचालय नहीं जा पाएंगे।

आप किसी आवश्यक निजी सहायक के लिए टिकट का अनुरोध नहीं कर सकते हैं।

आप काफी घबरा जाते हैं क्योंकि वहां कोई विकलांगता ऐक्सेस सूचना नहीं है।

वहां कुछ ऐसे चरण हैं जिन्हें आसानी से हटाया जा सकता है।

आप उन चीजों को साथ नहीं ला सकते, जिनकी जरूरत आपको अपनी सेहत के लिए होती है।

आप लंबे समय के लिए कतार में खड़े नहीं रह सकते।

आप पीछे बैठकर हर चीज से महरूम होने से थक चुके हैं।

ये कुछ ऐसी बाधाएं हैं, जो बधिर और विकलांग लोगों को संगीत कार्यक्रम (गिग्स) में झेलनी पड़ सकती हैं। सौभाग्य से, कुछ ऐसी भी आसान चीजें है जिन्हें एक कलाकार, बैंड या प्रोमोटर के रूप में आप कर सकते हैं और इन बाधाओं को हटाने में मदद कर सकते हैं और हमारे अभियान में शामिल हो सकते हैं!

"ज्यादातर स्थानों पर हमें जानबूझ कर बाहर नहीं किया जाता। उन्हें बस सही टूल्स और जानकारी की जरूरत होती है। बैंडों और प्रोमोटरों के लिए उनके प्रशंसकों द्वारा झेली जाने वाली ऐक्सेस बाधाओं के प्रति अवगत होना इसलिए अहम होता है, ताकि वे वैन्यूज के साथ काम कर उन्हें हल कर सकें।"



**हैना मॅककर्नेन**
**म्यूजिक फ़ैन + ब्लॉगर**

# ‘ऐटीट्यूड इस एव्रीथिंग' वर्ष 2000 से यूके के लाइव संगीत जगत का समर्थन करता आ रहा है।

बधिर और विकलांग लोगों के लिए उन्हें अधिक सुगम बनाने में मदद करने के लिए उस समय हमने समूचे यूके के हजारों वैन्यूज और फेस्टिवलों के साथ काम किया है।

हम विकलांगता की दिशा में काम करने वाले चैरिटी संगठन हैं, जिनमें सैकड़ों बधिर और विकलांग मिस्ट्री शॉपर्स हैं जो संगीत कार्यक्रमों व आउटडोर कार्यक्रमों को लेकर अपने अनुभव साझा करते हैं।

हम अपने 'चार्टर ऑफ़ बेस प्रैक्टिस’ के लिए हर आकार के यूके के वैन्यू ज व फेस्टिवलों को साइन अप करते हैं और उन्हें हर संभव तरीके से समावेशी बनाने में मदद करते हैं।

वर्षों से हमने जमीनी स्तर के वैन्यू ज में कई सुगम्य संगीत कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया है, यही कारण है कि हम आपको भी वही करने में मदद कर सकते हैं।

इस गाइड को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि हमारे ज्ञान को आपके साथ साझा किया जा सके।


DIY
SPACE



## हम कौन हैं?

बधिर और विकलांग लोगों में शामिल हैं:

व्हीलचेयर का उपयोग करने वाले

चलने-फिरने में असमर्थता वाले लोग

दृष्टि असमर्थता वाले लोग


श्रवण असमर्थता वाले लोग

ऐसे बधिर लोग जो ब्रिटिश साइन लैंगुएज का इस्तेमाल करते हैं

शिक्षण विकलांगता वाले लोग

मानसिक बीमारी वाले लोग

अन्य अदृष्टिगोचर अमर्थता और जीर्ण बीमारी वाले लोग



<u>हम यह भी हैं...</u>

वे प्रशंसक जो अपने पैसे खर्च कर हमारे साथियों के साथ आपके संगीत कार्यक्रमों में जाते हैं।

ऐसे कलाकार जो आपकी रात्रियों में अन्य स्थानीय बैंडों के साथ गाना-बजाना चाहते हैं।

ऐसे प्रोमोटर जो शो प्रस्तुत करना चाहते हैं और जमीनी स्तर के वैन्यू ज को बढ़ावा देना चाहते हैं।

ब्लॉगर और पत्रकार जो आपके शो को कवर करना चाहते हैं।

## अपने औचक संगीत कार्यक्रम पेश करने के दौरान आप 5 चीजें कर सकते हैं...

1. देखें कि क्या वैन्यू  के पास विकलांग लोगों के लिए ऑनलाइन ऐक्सेस जानकारी है।

2. आपके प्रशंसकों के लिए अपनी जानकारी को अपडेट करने के लिए उन्हें यहां हमारे गाइड 'ऐक्सेस स्टार्ट ऑनलाइन गाइड' का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें:

www.attitudeiseverything.org.uk/accessstartsonline

ACCESS STARTS ONLINE

attitude is everything

3. अपनी वेबसाइट या कार्यक्रम पर वैन्यू पर ऐक्सेस के बारे में अपनी जानकारी साझा करें।

- क्या कोई कारगर सुलभ शौचालय है?
- क्या प्रदर्शन स्थान में सीढ़ी-मुक्त ऐक्सेस है?
- क्या निजी सहायक (PAs) के लिए मुफ़्त टिकट उपलब्ध है?

4. यदि किसी को बैठकर मंच देखने की जरूरत हो, तो प्रोमोटर से पूछें कि उसके लिए क्या योजना है।

5. यदि आपको निजी सहायक टिकट का विज्ञापन न दिखाई पड़े, तो प्रोमोटर से उन्हें उपलब्ध कराने को कहें। बहुत सारे लोग बस मेहमानों की सूची का इस्तेमाल करते हैं और सीधा अनुरोध कर लोगों को आमंत्रित करते हैं।

## अपने संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करने के दौरान आप ये 10 चीजें कर सकते हैं

| | |
|---|---|
| ★ **1.** टिकट | ★ 6. शीर्षक |
| निजी सहायकों के लिए मुफ़्त टिकट ऑफ़र करें। | लैपटॉप तथा टीवी की मदद से डीआइवाई शीर्षक प्रदान करें। |
| 2. ऐक्सेस जानकारी | 7. सुलभ शौचालय |
| अग्रिम रूप से स्पष्ट ऑनलाइन ऐक्सेस जानकारी प्रदान करें। | यदि वहां कोई सुलभ शौचालय है, तो वैन्यू से सुनुश्चित कर लें कि यह चालू हालत में हो। |
| 3. अनुरोध | ★ **8.** शांत कमरा |
| यदि लोगों के पास कोई विशेष अनुरोध हों, तो उन्हें आपसे संपर्क करने के लिए आमंत्रित करें। | यदि स्थान उपलब्ध हो तो एक शांत कमरे की व्यवस्था करें। |
| ★ 4. देखने वाला स्थान | **9.** उत्पीड़न |
| बैठ कर देखे जाने वाले सुगम्य स्थान की व्यवस्था करें। | किसी प्रकार के उत्पीड़न के बारे में सूचना देने को प्रोत्साहित करें। |
| 5. स्ट्रोब (झिलमिलाने वाली लाइटें) | **10.** बार |
| अनुरोध करें कि किसी स्ट्रोब्स का इस्तेमाल न किया जाए और लोगों को इसकी जानकारी दें। | वैन्यू से बात कर यह सुनिश्चित करें कि जिन लोगों के लिए ऊंचा काउंटर एक समस्या हो, उनके लिए बार सर्विस सुलभ हो। |

★ इनकी व्यवस्था कैसे करें इसका पता लगाने के लिए इस गाइड के अंत में 'द गिग हैक्स' देखें!

# “भले ही मैं किसी संगीत कार्यक्रम को प्ले कर रहा हूं या बजा रहा हूं, गाने के बोल वाकई मेरे लिए अहम होते हैं।एक बैंड के रूप में वाकई यह हमारे लिए मायने रखता है कि हम क्या गा रहे हैं वह श्रोताओं को पता रहे और वे वही अनुभव साझा कर सकें।”



‘द ऑकवर्ड साइलेंसेज ऑन डीआइवाई कैप्शनिंग’ बैंड के पॉल हॉकिंन्स पॉल 'द गनर्स', लंदन में अपने बैंड के आउटसाइडर पॉप नाइट्स में इस विधि के अगुआ थे।




## यदि आप एक समावेशी डीआइवाई टूर की स्थापना करना और उसे बढ़ावा देना चाहते हैं, तो ऐसी अहम चीजें हैं जिनका ध्यान आपको प्रत्येक शो में रखना चाहिए

| टिकट | सुगम बोल |
|---|---|
| निजी सहायक टिकट | डीआइवाई कैप्शनिंग |
| **ऐक्सेस** | **सुलभ शौचालय** |
| नुक्कड़ से प्रदर्शन स्थान तक सीढ़ी मुक्त ऐक्सेस। | सुलभ शौचालय है (वैन्यू  के साथ इस बात की जांच कर लें कि यह सही हालत में हो) |
| **देखने वाला स्थान** | **ऑनलाइन सूचना** |
| देखने वाला क्षेत्र/सुगम सीटिंग | वैन्यू  की वेबसाइट और आपके अपने टूर पेज पर ऐक्सेस जानकारी हो। |
| **स्ट्रोब नीति** | **सहायक डॉग नीति** |
| स्ट्रोब (झिलमिलाने वाली रोशनियां) नहीं होंगे | सहायता करने वाले कुत्तों का स्वागत है। |

# विकलांग कलाकारों को बुक करने के लिए 5 सुझाव...

1. ऐसे स्थानों का इस्तेमाल करें जो मंच तक जाने के लिए सीढ़ी-मुक्त ऐक्सेस प्रदान करे, या वैन्यू  में ही कहीं ओर सीढ़ी-मुक्त व्यवस्था प्रदान करे।

2. विविध लोगों को शामिल करने के लिए विविध बैंडों को बुक करें।

3. ध्वनि की जांच के लिए पर्याप्त समय दें।
प्रश्नों और तमाम तरह के संवादों के लिए तैयार रहें।

4. किसी ऐक्सेस आवश्यकता पर चर्चा के लिए बैंडों को आमंत्रित करें और उनकी इजाजत से इस बात का ध्यान रखें कि संबद्ध वैन्यू  स्टाफ़ उनके बारे में अवगत हो सके।

5. अपनी वेबसाइट पर ऐक्सेस विवरण प्रदान करें, ताकि लोगों को पता रहे कि प्रत्येक शो में वे किन चीजों की उम्मीद कर सकते हैं।

# 5 सुगम फ्लायर बनाने के सुझाव

1. तस्वीरों को टेक्स्ट से न ढंकें।

---

2. जितना संभव हो उतने बड़े फ़ॉन्ट आकार का इस्तेमाल करें।

---

3. किसी भी टेक्स्ट को बैकग्राउंड से हाई कंट्रास्ट में बनाएं।

---

4. सैंस सेरिफ फॉन्ट्स, यानी एरियल का इस्तेमाल करें।

---

5. संगीत कार्यक्रम के लिए बुनियादी ऐक्सेस सूचना शामिल करें, जैसे कि “सीढ़ी मुक्त / सुलभ शौचालय”।




एक कॉन्टैक्ट ईमेल पता जिसके जरिए लोगों के प्रश्न आमंत्रित किए जा सकें।

<u>क्या प्रदर्शन स्थान में सीढ़ी-मुक्त ऐक्सेस है?</u>

बस कहें "सीढ़ी मुक्त” या नहीं तो स्थिति को कुछ इस प्रकार बताएं, जैसे कि "संगीत कार्यक्रम ऊपर है, लिफ़्ट नहीं है।"

<u>क्या लोगों के पास बैठ कर मंच देखने की सुविधा है?</u>

यदि उन्हें इसकी जरूरत पड़े तो बताएं कि क्या व्यवस्था है।

<u>क्या कोई कारगर सुलभ शौचालय है?</u>

“सुलभ शौचालय है” या नहीं तो कहें- "कोई सुलभ शौचालय नहीं है - सबसे नजदीक वाला" [स्थान डालें]

<u>क्या लोग पीए टिकट का अनुरोध कर सकते हैं?</u>


इनके अनुरोध करने के तरीके का वर्णन करें।

यदि आपकी नाइट की कोई अन्य ऐक्सेस विशेषताएं हों, तो लोगों को उनकी जानकारी (जैसे कि कोई स्ट्रोब्स नहीं) से लाभ मिलेगा, ये लोगों को जानने के लिए जानकारी अपने ईवेंट पेज पर दें।

# यदि मेरा रेगुलर नाइट एक अगम्य वैन्यू पर हो, तो क्या होगा...



यदि आपके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले वैन्यू में सीढ़ियां हो या सुलभ शौचालय न हो, तो भी कुछ चीजें आप कर ही सकते हैं!



सुलभ शौचालय नहीं है?

पता लगाइए वैन्यू के सबसे करीब कहाँ है और लोगों को पहले से ही बता दें।

वैन्यू  तक जाने में एक या दो सीढ़ियां?



वैन्यू  से पूछें कि क्या किसी नाइट के लिए एक हल्के रैम्प का इस्तेमाल करने की उनकी योजना है। यदि यह व्यावहारिक और सुरक्षित है, तो यह प्रदान करना उनकी जिम्मेदारी है।

संगीत कार्यक्रम तक पहुंचने में कई सीढ़ियां हैं?



देखिए कि क्या आप एक सुगम कमरा इस्तेमाल के लिए अपने नाइट के वैन्यू  के आस-पास की चीजों को अदल-बदल कर सकते हैं, यदि नहीं तो सीढ़ियों के बारे में ऑनलाइन जानकारी हो, जैसे कि कितनी सीढ़ियां हैं और उसमें हैंडरेल है या नहीं।

कुछ लोग सीढ़ियों पर चढ़ या उतर सकते हैं, पर तब भी उन्हें संगीत कार्यक्रम में सीट की जरूरत पड़ती है। आप जिस भी वैन्यू  का इस्तेमाल कर रहे हों, सुगम सीटिंग की योजना बनाएं।



| गिग हैक #1 | 👁 | सीट से दिखाई पड़ने वाला सुगम्य क्षेत्र |
|---|---|---|

**क्या?**
किसी वैन्यू में एक निर्धारित क्षेत्र जहां लोग मंच की झलक के साथ बैठ सकते हों। क्षमता के आधार पर, इसे अग्रिम रूप से निर्धारित एक क्षेत्र के रूप में बनाया जा सकता है या बस किसी व्यक्ति की मांग पर सीट दिलाने की व्यवस्था की जा सकती है।

**क्यों?**
इस लोकेशन का इस्तेमाल व्हीलचेयर प्रयोक्ताओं द्वारा किया जा सकता है, या उनके द्वारा जिन्हें शो के दौरान बैठने की जरूरत होती है या जिन्हें खचाखच भरी भीड़ से बचना होता है। कई लोगों को इसकी जरूरत होती है, उनमें ऐसे लोग भी हैं, जिनकी बीमारियां छुपी होती हैं।

**आपको क्या करना है:**
- कुर्सियां
- मंच की झलक मिलने वाला क्षेत्र

**इसे कैसे करवाएं:**
- वैन्यू के साथ बात करें कि क्या कोई नियमित व्यवस्था है। यदि नहीं, तो उनके लिए सर्वोत्तम लोकेशन पर चर्चा करें।
- यदि यह पेंचीदा साबित हो, तो उन्हें हमसे संपर्क करवाएं, ताकि हम मदद कर सकें।
- यदि कुर्सियां न लगाई जा सकें, तो जरूरत पड़ने पर लोगों के लिए कुर्सियां कैसे उपलब्ध कराई जा सके, इसकी योजना बनाएं।
- लोगों को पहले ही बताएं कि यदि उन्हें सीट की जरूरत होगी तो क्या करना चाहिए।
- इस बात का ध्यान रखें कि वैन्यू को जानकारी हो कि सिस्टम कैसे काम करता है।

| गिग हैक #2 | | निजी सहायक टिकट |
|---|---|---|

**क्या?**

किसी ऐसे विकलांग व्यक्ति को एक मुफ़्त टिकट उपलब्ध कराई जाती है, जिन्होंने अपने खुद का टिकट खरीदा हो, लेकिन उन्हें आने के लिए अपनी सहायता के लिए अपने साथ किसी को ('पीए') लाना होता है।

**क्यों?**

किसी व्यक्ति की पीए की जरूरत काफी अलग-अलग हो सकती है, जिसमें यात्रा करने और आस-पास चलने से लेकर, बातचीत करने, फैसले लेने, दवाइयां लेने या बाथरूम का इस्तेमाल करने में सहायता लेना शामिल हो सकता है।

**आपको क्या करना है:**

- लोगों को सक्षम बनाने का एक सरल समाधान है अपने संगीत कार्यक्रम के लिए पीए टिकट का अनुरोध करने में कम से कम परेशानी पैदा होने देना।

**इसे कैसे करवाएं:**

- अनुरोध किए जाने पर पीए शामिल करने के लिए गेस्ट-लिस्ट आवंटन का इस्तेमाल करें।
- अनुरोध करने के लिए लोगों को अग्रिम रूप से आपसे संपर्क करने के लिए आमंत्रित करें।
- हमें लगता है कि छोटे संगीत कार्यक्रमों पर भरोसा करना सबसे अच्छा होता है, पर फिर भी किसी को संक्षेप में यह बताने को कहना उचित है कि उसे आपके शो में आने के लिए पीए की आवश्यकता क्यों है (बगैर विस्तृत मेडिकल या निजी विवरण पूछे)।
- लोगों को अग्रिम तौर से ही अवगत कराएं कि वे पीए टिकट का अनुरोध कर सकते हैं!

| गिग हैक #3 | | डीआइवाई कैप्शनिंग |
|---|---|---|

### क्या?
किसी गिग (संगीत कार्यक्रम) के कैप्शनिंग का अर्थ है बैंड के नाम, गाने का टाइटल और बोल को सेट्स के दौरान स्क्रीन पर डिस्प्ले करना।

### क्यों?
इससे बधिर लोगों के लिए शो अधिक सुगम बन जाता है। यह सभी दर्शकों के अनुभव में एक नया एहसास भी जोड़ देता है।

### आपको क्या करना है:
- लैपटॉप
- स्लाइडशो सॉफ्टवेयर
- टीवी
- बैंडों की ओर से सूची और गाने के बोल सेट करें

### इसे कैसे करवाएं:
- सभी बैंडों को सूचित कर दें कि आप डीआइवाई कैप्शनिंग करेंगे।
- एक नमूना टेम्प्लेट के लिए हमसे संपर्क करें।
- इसे बैंड को भेजें और उनसे तय क्रम में गाने के बोलों का स्लाइडशो तैयार करने को कहें।
- बैंड और गाने के नाम के स्लाइड्स और उनकी इच्छानुसार तस्वीरों को शामिल करें।
- सभी बैंड के स्लाइडों का मास्टर स्लाइडशो बनाएं।
- यदि आप चाहें तो सेट्स के बीच में अन्य नाइट्स के विज्ञापन के लिए अपने खुद के स्लाइड्स शामिल करें।
- मंच पर टीवी लगाएं और उससे एक लैपटॉप कनेक्ट कर दें।
- प्रत्येक सेट के दौरान कोई व्यक्ति स्लाइड्स को हाथ से क्लिक करें।
- लोगों को पहले ही अवगत करा दें कि आप यह सुविधा प्रदान कर रहे हैं!

| गिग हैक #4 | ☺ | शांत स्थान |
|---|---|---|

**क्या?**
मुख्य संगीत कार्यक्रम से अलग एक स्थान की व्यवस्था की जाए, जो लोगों को शोर-शराबे और भीड़-भाड़ से ब्रेक दे सके।

**क्यों?**
यदि किसी वैन्यू पर एक शांत स्थान हो, तो यह शिक्षण की विकलांगता, ऑटिज्म, एंजाइटी वाले लोगों और सेंसरी ओवरलोड का अनुभव करने वाले लोगों के लिए काफी लाभदायक हो सकता है, जिन्हें शो का आनंद लेने में कभी-कभी ब्रेक की जरूरत पड़ती है।

**आपको क्या करना है:**
- मुख्य संगीत कार्यक्रम से अलग एक कमरा (जितना शांत हो उतना बेहतर, पर जो भी उपलब्ध हो)।
- एक संकेत चित्र हो कि वह कमरा किस लिए है।
- सीटिंग - जितना मुलायम हो उतना अच्छा होगा!
- इसे एक अच्छा शांतिदायक स्थान बनाने के लिए अतिरिक्त विकल्प हैं - सुखद प्रकाश या अन्य परिवेशी प्रकाश, पानी, कॉमिक्स/पत्रिकाओं, पेंसिल और पेपर, किताबों, स्ट्रेस रिलीफ़ खिलौने इत्यादि की व्यवस्था करना।

**इसे कैसे करवाएं:**
यदि कोई उपयुक्त कमरा उपलब्ध हो तो...
- इसे ऐसे स्थान के रूप में तैयार करें जहां लोग बैठ सकें और संगीत कार्यक्रम से सहज रूप से ब्रेक ले सकें।
- दरवाजों के खुलने के बाद से ही इसे खुला रखें।
- लोगों को पहले ही अवगत करा दें कि यह सुविधा उपलब्ध रहेगी!

# जिन लोगों को चेक आउट करने की सलाह दी जाती है

मार्च 2017 में, हमने 'कॉन्स्टैंट फ्लक्स' और 'डीआइवाई स्पेस फ़ॉर लंदन' वैन्यू के सहयोग से इन-साइट वीकैंड प्रस्तुत किया था। पीआरएस फाउंडेशन और आर्ट्स काउंसिल इंग्लैंड द्वारा वित्त प्रदत्त इस कार्यक्रम में विकलांग कलाकारों द्वारा चर्चा प्रस्तुत की गई, डीआइवाई ऐक्सेस व संगीत कार्यक्रम पर वर्कशॉप पेश किया गया, जहां हमने आइडियाज को व्यवहार में उतारा। यह गाइड उसी का अंतिम नतीजा है!

**डीआइवाई स्पेस फ़ॉर लंदन**

'इन-साइट वीकैंड' के लिए हमने जिस शानदार लंदन वैन्यू का इस्तेमाल किया, वह बताता है कि थोड़ी कीमत या बगैर खर्चे के रचनात्मकता और सहयोग से हम कैसे ऐक्सेस में सुधार ला सकते हैं।

www.diyspaceforlondon.org

**कॉन्स्टैंट फ्लक्स**

इन-साइट वीकैंड के लिए हमारे प्रोग्रामिंग पार्टनर। जब वे सक्रिय थे तो उन्होंने कलाकारों और वैन्यू के सहयोग से समूचे यूके में शानदार समावेशी टूर प्रस्तुत किया।

www.constantflux.co.uk

# चार शानदार बैंड्स जिन्होंने हमारे 'इनसाइट वीकैंड गिग' के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत किया था।



द फिश पुलिस
[www.thefishpolice.com](http://www.thefishpolice.com)

वूल्फ़
[www.woolf.bandcamp.com](http://www.woolf.bandcamp.com)

रिवेंज ऑफ़ कैल्कुलेशन
[www.revengeofcalculon.com](http://www.revengeofcalculon.com)

द ऑकवर्ड साइलेंसेज
[www.theawkwardsilences.com](http://www.theawkwardsilences.com)

**धन्यवाद!**

**इस गाइड को उठाकर और पढ़कर, आपने बधिरों व विकलांग लोगों के लिए लाइव म्यूजिक को अधिक सुगम्य बनाने के हमारे अभियान में अपना पहला कदम बढ़ा दिया है।**

**एक कलाकार, बैंड या प्रोमोटर के तौर पर यह शक्ति आप में है - आप जिम्मेदारी ले सकते हैं और अपने संगीत कार्यक्रमों में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। हमें उम्मीद है कि आप इस गाइड का अच्छा इस्तेमाल कर सकते हैं!**

यदि आप इस गाइड को उपयोगी पाते हैं, तो आप यहां ट्वीट पर हमें अवगत कराएं:

#diyaccessguide तथा @attitudetweets

इस गाइड को दूसरे बैंडों, कलाकारों और प्रोमोटरों के साथ साझा करें।

यदि आप इस गाइड में सुझाई बातों की मदद से कोई संगीत कार्यक्रम या टूर प्रस्तुत करते हैं, तो हमें बताएं!

जब आपको कुछ समावेशी संगीत कार्यक्रम मिल जाए, तो एक बैंड या प्रोमोटर की हैसियत से अपनी वेबसाइट पर एक ऐक्सेस मैनिफेस्टो साझा करें। एक उपयुक्त उदाहरण यहां मिल सकता है:

http://theawkwardsilences.com/accessibility

**शुभकामनाएं!**

अधिक जानकारी पाएं और हमें फ़ॉलो करें:

वेबसाइट: www.attitudeiseverything.org.uk

ट्विटर: @attitudetweets

इंस्टाग्राम: @attitudeiseverythinghq

फ़ेसबुक: /attitudeiseverything

हमसे यहां संपर्क करें:

info@attitudeiseverything.org.uk

+44 020 7838 7979

कुड बी गुड द्वारा मूल डिजाइन

www.couldbegood.co.uk

इस गाइड को आरंभ में पीआरएस फाउंडेशन एवं आर्ट्स काउंसिल इंग्लैंड द्वारा वित्त प्रदान किया गया।

PRS Foundation

Supported using public funding by ARTS COUNCIL ENGLAND

अंतर्राष्ट्रीय साझाकरण + अनुवाद ब्रिटिश काउंसिल द्वारा वित्त प्रदत्त एवं प्रोत्साहित।

BRITISH COUNCIL

ऐटीट्यूड इज एव्रीथिंग 2019 रजि. कंपनी नं: 6397532 चैरिटी नं. 1121975